# <u>प्रेस नोट</u>
# <u>थाना पूँछ</u>

दिनाँक 24.09.2023

## चोरी की योजना बनाते हुए 03 शातिर अभियुक्तों को थाना पूँछ पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया.

## गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चार पहिया वाहन, चोरी करने के उपकरण, मोबाइल,नगदी एवं असलहा-कारतूस बरामद

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना पूँछ पुलिस द्वारा चोरी की योजना बनाते हुए 03 अभियुक्तों को चार पहिया वाहन, चोरी करने के उपकरण, मोबाइल फोन, नगदी एवं  अवैध असलह-कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना पूँछ पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**<u>घटना का संक्षिप्त विवरण –</u>**

थाना पूंछ पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र व चोरी की रोकथाम हेतु की जा रही चेकिंग के दौरान दिनांक 24.09.23 को मुखबिर की सूचना पर ग्राम धौरका में अभियुक्तगणों द्वारा चोरी की योजना बनाने की सूचना पर उ0नि0 श्री सत्यदेव पाठक द्वारा मय हमराह पुलिस बल के मौके पर जाकर अभियुक्तगण-

1.मिथुन बाल्मिक पुत्र साबर निवासी बम्रौली थाना मोठ जिला झांसी उम्र 27 वर्ष गिर0 किये गये (जिसके कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 02 अदद कारतूस जिदा 12 बोर सील सर्व मोहर व एक अदद मोबाइल वीवो कम्पनी का रंग नीला व 400/- रूपया नकद व एक अदद चाभियो का गुच्छा बरामद हुआ)

2.इमरान उर्फ छोटू पुत्र मजीद खान निवासी मो0  गुढागुढी का नाका सब्जी मण्डी थाना कम्पू जिला ग्वालियर स्थाई पता गाव छीमक थाना चिनौर जिला ग्वालियर म0प्र0 उम्र 20 वर्ष गिर0 (जिसके कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 02 अदद कारतूस जिदा 315 बोर सील सर्व मोहर व एक अदद मोबाइल वीवो कम्पनी का रंग काला व 500/- रूपया नकद व एक अदद चाभियो का गुच्छा व एक अदद प्लास्टिक के थैले में एक अदद हथौड़ा लोहा, एक अदद पेचकस लोहा जिसपर प्लास्टिक चढी है, एक अदद प्लास लोहे जिसपर प्लास्टिक चढी है, सरिया लोहे की नुकीली व मुडी हुई, एक अदद सब्बल लोहा चोरी के उपकरण बरामद हुआ)

3.अनिल जाटव पुत्र मुरारी जाटव निवासी मोहल्ला सिंधिया नगर थाना यूनिवरसिटी जिला ग्वालियर म0प्र0 स्थाई पता गाव आरून थाना आरून जिला ग्वालियर म0प्र0 उम्र करीब 32 वर्ष गिर0 (जिसके कब्जे से जामातलाशी से दो अदद मोबाइल फोन जिनमे से एक ओपो कम्पनी का सिलेटी रंग का व एक अदद मोबाइल रियाल्टी कम्पनी का व 350/- रूपया नकद बरामद हुआ)

अभियुक्तों को ग्राम धौरका से अमगांव के जाने वाले रास्ते पर वहद ग्राम धौरका थाना पूँछ व फासला करीब 05 किमी व दिशा पश्चिम से समय 13.10 बजे गिरफ्तार कर लिया गया।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता –</u>**

1.मिथुन बाल्मिक पुत्र साबर निवासी बम्रौली थाना मोठ जिला झांसी उम्र 27 वर्ष

2.इमरान उर्फ छोटू पुत्र मजीद खान निवासी मो0 गुढागुढी का नाका सब्जी मण्डी थाना कम्पू जिला ग्वालियर स्थाई पता गाव छीमक थाना चिनौर जिला ग्वालियर म0प्र0 उम्र 20 वर्ष

3.अनिल जाटव पुत्र मुरारी जाटव निवासी मोहल्ला सिंधिया नगर थाना यूनिवरसिटी जिला ग्वालियर म0प्र0 स्थाई पता गाव आरून थाना आरून जिला ग्वालियर म0प्र0 उम्र करीब 32 वर्ष

**अभियुक्त की गिरफ्तारी का स्थान व दिनाँक –**

दिनाँक 24.09.2023 समय 13.10 बजे घटनास्थल ग्राम धौरका से अमगांव के जाने वाले रास्ते पर वहद ग्राम धौरका थाना पूँछ व फासला करीब 05 किमी व दिशा पश्चिम

**बरामदगी का विवरण –**

01 अदद देशी तमंचा 315 बोर व 02 अदद कारतूस जिदा 315 बोर, 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर व 02 अदद कारतूस जिदा 12 बोर मय एक अदद कार टाइगर नं0 MP07BF3260 मय चोरी के उपकरण

**गिरफ्तार करने वाली टीम थाना पूँछ –**

1. श्री अरूण कुमार तिवारी थानाध्यक्ष पूँछ, झाँसी।
2. उ0नि0 श्री सत्यदेव पाठक थाना पूँछ, झाँसी।
3. उ0नि0 श्री दलवीर सिंह थाना पूँछ झाँसी।
4. हे0का0 429 सदानन्द यादव थाना पूँछ झाँसी।
5. का0 1329 अंकुश कुमार थाना पूँछ झाँसी।
6. का0 896 पुष्पेन्द्र सिंह थाना पूँछ झाँसी।